UP Investors Summit 3.0: गौतमबुद्ध नगर में अकेले 57 प्रतिशत निवेश, दूसरे स्थान पर लखनऊ; जानिए जिलावार प्रोजेक्ट्स

UP Investors Summit 3.0 तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने संदेश दिया है कि औद्योगिक विकास की नींव उत्तर प्रदेश के लगभग हर जिले में पड़ी है। कम और ज्यादा के अंतर को सिर्फ गौतमबुद्ध नगर ने ही सबसे ज्यादा बढ़ाया है।

UMESH TIWARI
Publish: Sat, 04 Jun 2022 12:17 AM (IST)
Updated: Sat, 04 Jun 2022 06:19 AM (IST)

UP Investors Summit 3.0: पूरब के गोरखपुर ने निवेश में पीछे छोड़ा पश्चिम के गाजियाबाद को।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। UP Investors Summit 3.0: योगी आदित्यनाथ सरकार की तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कुल 80,224 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भूमिपूजन हुआ, जिसमें सर्वाधिक प्रोजेक्ट्स गौतमबुद्ध नगर के हाथ लगे हैं। गौतमबुद्ध नगर यदि अकेले 45,529.29 करोड़ रुपये की परियोजनाएं न समेट लेता तो इस बार निवेश के तराजू में पूरब और मध्यांचल का पलड़ा पश्चिम से ज्यादा हल्का न होता।

औद्योगिक विकास के लिए समग्रता में हुए प्रयास के आंकड़े बताते हैं कि एक हजार करोड़ से अधिक निवेश वाले जिलों में यदि 57 प्रतिशत निवेश के साथ गौतमबुद्ध नगर है तो दूसरे स्थान पर मध्यांचल का लखनऊ और तीसरे नंबर पर पूरब का गोरखपुर है। गाजियाबाद की बारी इसके बाद आती है।

यह भी पढ़ें
उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को करारा जवाब, भ्रम फैलाने वालों को जवाब दे रही है जनता

तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने संदेश दिया है कि औद्योगिक विकास की नींव प्रदेश के लगभग हर जिले में पड़ी है। कम और ज्यादा के अंतर को सिर्फ गौतमबुद्ध नगर ने ही सबसे ज्यादा बढ़ाया है। चूंकि, डेटा सेंटर की ज्यादातर परियोजनाओं के लिए निवेशकों ने इसी जिले पर नजरें जमाई हैं, इसलिए कुल 80,224 करोड़ रुपये में से 56.75 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे ज्यादा 45529.29 करोड़ रुपये का निवेश गौतमबुद्ध नगर में हो रहा है। वहां 238 निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है।

यह भी पढ़ें
Kanpur Violence: कानपुर में बवाल के बाद लखनऊ में सपा नेता सुमैया राणा हाउस अरेस्ट, पुलिस बल तैनात

दूसरे स्थान पर लखनऊ है, लेकिन अंतर काफी ज्यादा है। राजधानी में कुल निवेश 4460.88 करोड़ रुपये में 45 प्रोजेक्ट हैं। यदि लखनऊ सहित बाकी सभी जिलों की कुल निवेश राशि को जोड़ लिया जाए तो वह गौतमबुद्ध नगर में हो रहे 45529.29 करोड़ के सापेक्ष सिर्फ 34695 करोड़ रुपये तक ही पहुंच रही हैं। एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाले जिलों में गोरखपुर, गाजियाबाद, अलीगढ़, सीतापुर, मथुरा, बरेली और पीलीभीत हैं।

यह भी पढ़ें
Kanpur Violence : कानपुर में उपद्रव के पीछे PFI कनेक्शन की भी आशंका, मुख्य आरोपित हयात जफर हाशमी

एक हजार से अधिक निवेश वाले जिले

- **जिले - परियोजनाएं - निवेश राशि**
- गौतमबुद्ध नगर - 238 - 45529.29
- लखनऊ - 45 - 4460.88
- गोरखपुर - 47 - 2828.86
- गाजियाबाद - 204 - 2168.00
- अलीगढ़ - 63 - 1900.86
- सीतापुर - 7 - 1339.28
- मथुरा - 81 - 1260.92
- बरेली - 56 - 1255.99
- पीलीभीत - 3 - 1203.00
- (नोट- निवेश राशि करोड़ रुपये में है।)